ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़, नई दिल्ली- 110043 और लेडी रिडिंग हैल्थ, बारा हिन्दुराव, दिल्ली – 110006 में ए.एन.एम. डिप्लोमा कोर्स सत्र 2016-18 हेतु संयुक्त प्रवेश सूचना ।

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट भेजा जा सकता है । 1 अगस्त 2016 से प्रारम्भ होने वाले एएनएम डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश हेतु केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए ही है, जो कि दिल्ली के वास्तविक निवासी हों।

विधिवत पूर्ण आवेदन Director, RHTC Najafgarh, New Delhi के नाम मे रूपये 200 (सामान्य/अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए) एवम रूपये 100 (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग अभ्यर्थी के लिए) के डिमांड ड्राफट के साथ दिनांक 11 अप्रैल 2016 सांय 5 बजे तक निदेशक, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ, नई दिल्ली-110043 पर भेजें । अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

आवेदक को निम्न शर्तों को पूरा करना चाहिए:-

1. अभ्यर्थी दसवीं और बारहवीं दिल्ली क्षेत्र में स्थित सीबीएसई/आईसीएसई या दिल्ली स्थित राष्टीय मुक्त विद्यालय संस्थान के परीक्षा केन्द्रों से उत्तीर्ण हो ।

2. वर्ष 2016 में कक्षा 12वी की परीक्षा में बैठने वाली छात्राएं भी एएनएम डिप्लोमा कोर्स की प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकती हैं ।

3. प्रवेश हेतु दिनांक 31 दिसम्बर 2016 तक न्यूनतम आयु 17 वर्ष और अधिकतम आयु 25 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा में अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के लिए सरकारी नियमानुसार छूट, जो कि अन्य पिछडा वर्ग के लिए 28 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 30 वर्ष तक होगी). अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र केन्द्रीय सरकार के प्रोफार्मा में होना चाहिए न कि राज्य सरकारों के प्रोफार्मा पर ।

4. शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के मामले में, विकलांगता (disability of locomotor) की अधिकतम प्रतिशतता 40 से 50 प्रतिशत हो। विकलांगता के बारे में अन्य शर्ते भारतीय नर्सिंग परिषद के 19 अप्रैल 2012 के प्रस्ताव के अनुसार होगीं।

5. अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग अभ्यर्थियों के लिए सीटों का आरक्षण भारत सरकार के स्नातक पाठयक्रम में प्रवेश हेतु लागू दिशा निर्देशानुसार होगा ।

6. एएनएम डिप्लोमा कोर्स केवल दिल्ली क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए है । दिल्ली में निवास का पिछले 5 वर्षो (2011) से अब तक के प्रमाणपत्र संलग्न करने होंगे ।

7. अभ्यर्थियों का चयन कक्षा बारहवी के स्तर की लिखित परीक्षा की मैरिट पर होगा। परीक्षा रविवार दिनांक 8 मई 2016 को प्रात: 10 बजे से 12 बजे दोपहर प्रगति पब्लिक स्कूल**,** सैक्टर **–** 13 द्वारका**,** नई दिल्ली होगी ।

8. एएनएम स्कूल, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ के लिए चयनित छात्राओं को हास्टल में रहना अनिवार्य होगा ।

आवेदन के साथ संलग्नक दस्तावेज :-

1. कक्षा दसवी तथा बारहवी के स्वप्रमाणित अंक तालिका और प्रमाण पत्र ।
2. प्रधानाध्यापक से चरित्र प्रमाण पत्र ।
3. एससी/एसटी/ओबीसी के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि ।
4. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता का प्रमाण पत्र ।
5. डिमांड ड्राफट के साथ 10 रूपये की डाक टिकट लगा अपना पता लिखा लिफाफा ।

नोट :-

क. डुप्लीकेट प्रवेश पत्र दिनांक 6 मई 2016 को प्रात: 9.30 बजे से सांय 4.00 बजे तक एएनएम स्कूल के कार्यालय से लिया जा सकता है ।
ख. कुल सीट के संख्या 80 (40 + 40) हैं ।
ग. रूपये 500 प्रतिमाह की दर से छात्रवृति, आरएचटीसी के एएनएम स्कूल के लिए चयनित छात्राओं के लिए हास्टल में रहना अनिवार्य है ।
घ. प्रवेश के समय रूपये 5000/- (रिफंडेबल) की सिक्योरिटी राशि जमा करानी होगी । दो वर्ष के कोर्स की अवधि के दौरान यदि कोई छात्रा कोर्स छोडती है तो सिक्योरिटी राशि वापस नहीं की जाएगी ।
ङ. चयनित अभ्यर्थियों की सूची ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र नजफगढ के सूचना पटट पर दिनांक 11 मई 2016 प्रात: 10 बजे प्रदर्शित की जाएगी ।

एएनएम डिप्लोमा कोर्स 2016-18 हेतु आवेदन फार्म

कार्यालय के प्रयोग हेतु
.

नाम और दिनांक सहित नवीनतम फोटो चिपकाएं

1. अभ्यर्थी का नाम : ....

2. पिता का नाम : ....

3. माता का नाम : ....

4. दसवी कक्षा के अनुसार जन्म तिथि : ....
(प्रमाण पत्रों की स्वय प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें)

5. दिनांक 31 दिसम्बर 2016 को आयु : वर्ष .... माह .... दिन ....

6. क्या आप सामान्य/एससी/एसटी/ओबीसी/विकलांग से संबधित हैं ....
(एससी/एसटी/ओबीसी/विकलांग प्रमाण पत्रों की स्वय प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें)

7. कक्षा बारहवी उत्तीर्ण करने का वर्ष : ....

8. कक्षा बारहवी में कुल प्राप्तांक : ....
(प्रमाण पत्रों की स्वय प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें)

9. फीस राशि रूपये .... बैंक ड्राफट संख्या .... जारी करने की तिथि ....
बैंक का नाम ....

10. पत्राचार का पता/ ....
फोन/मोबाइल न. और ईमेल आईडी ....
(प्रवेश पत्र भेजने हेतु मोबाइल न और ईमेल आईडी आवश्यक है) ....

11. पहचान चिन्ह : ....

मैं घोषणा करता हूं कि आवेदन में दी गयी सूचना मेरे संज्ञान और विश्वास में पूर्ण, सही और सत्य है । मैं समझती हूं कि यदि दी गयी कोई भी सूचना यदि किसी भी स्तर पर असत्य/गलत या योग्यता मानदण्डों पर संतोषजनक नहीं पायी गयी तो मेरी उम्मीदवारी रदद समझी जायेगी ।

दिनांक : ....

स्थान: ....   उम्मीदवार के हस्ताक्षर